हिंदी का पोषण करना हम सबकी जिम्मेदारी : आनंद निर्बाण

हिंदी में अनेक भाषाओं के शब्दों का समावेश उसे बनाता है अधिक सहज और संप्रेषणीय

वर्धा, 16 सितंबर 2026। महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय में केंद्रीय संचार ब्यूरो, सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय, भारत सरकार, नागपुर कार्यालय तथा विश्वविद्यालय के राजभाषा विभाग के सं

युक्त तत्वावधान में हिंदी दिवस एवं पोषण माह के अंतर्गत आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं के पुरस्कार वितरण समारोह में वरिष्ठ संपादक आनंद निर्बाण ने कहा कि "हिंदी मां जैसी है, जो हर रिश्ते को जोड़कर रखती है। हिंदी का पोषण करना हम सबकी जिम्मेदारी है।" उन्होंने कहा कि हिंदी की सबसे बड़ी विशेषता उसका समावेशी स्वरूप है। इसमें अनेक भारतीय भाषाओं के शब्द सहज रूप से समाहित हुए हैं, जिससे इसकी संप्रेषणीयता और व्यापकता बढ़ी है।

मंगलवार को विश्वविद्यालय के ग़ालिब सभागार में आयोजित समारोह की अध्यक्षता विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. कुमुद

शर्मा ने की। इस अवसर पर कुलसचिव क़ादर नवाज़ ख़ान, हिंदी अधिकारी राजेश यादव तथा केंद्रीय संचार ब्यूरो, नागपुर के सहायक प्रचार अधिकारी शुभम गुड़धे मंचासीन रहे।

मुख्य अतिथि आनंद निर्बाण ने हिंदी विश्वविद्यालय की स्थापना के पीछे महाराष्ट्र और विशेष रूप से मराठी भाषी समाज के योगदान का उल्लेख करते हुए कहा कि 1975 में नागपुर में आयोजित प्रथम विश्व हिंदी सम्मेलन ने हिंदी को वैश्विक मंच प्रदान करने की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उन्होंने कहा कि हिंदी के विकास और उसे राजभाषा के रूप में प्रतिष्ठित करने के प्रयासों में नागपुर का योगदान ऐतिहासिक रहा है। अनंत गोपाल शेवड़े सहित अनेक मराठी भाषियों ने हिंदी के लिए उल्लेखनीय कार्य किया।

भाषा में संस्कृति और विनम्रता का समावेश

अध्यक्षीय उद्बोधन में कुलपति प्रो. कुमुद शर्मा ने कहा कि कोई भी भाषा अपने सांस्कृतिक प्रतीकों के माध्यम से जीवित रहती है। हिंदी में भारतीय संस्कृति और विनम्रता का भाव समाहित है। उन्होंने कहा कि नई पीढ़ी को हिंदी की मूल प्रवृत्ति और संवेदनशीलता को बनाए रखते हुए अपने समय और अपनी आवश्यकताओं के अनुरूप भाषा को आगे बढ़ाने की स्वतंत्रता मिलनी चाहिए।

उन्होंने हिंदी के विकास में पत्रकारिता की भूमिका को रेखांकित करते हुए कहा कि 'सरस्वती' पत्रिका हिंदी की पाठशाला रही है। आज मीडिया के माध्यम से हिंदी और भारतीय भाषाओं में रोजगार के नए अवसर सृजित हुए हैं तथा हिंदी के अनेक बहुआयामी रूप सामने आए हैं। उन्होंने भाषा को समय के साथ विकसित होने वाली जीवंत परंपरा बताते हुए युवा पीढ़ी की भूमिका को महत्वपूर्ण बताया।

प्रतियोगिताओं के विजेताओं को मिले पुरस्कार

समारोह में हिंदी माह के अंतर्गत आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कार एवं प्रमाण-पत्र प्रदान किए गए। टंकण प्रतियोगिता में अश्विनी राठोड़ ने प्रथम, राधा ठाकरे ने द्वितीय तथा अमोल आड़े और वैशाली कदम ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

निबंध प्रतियोगिता की विद्यार्थी श्रेणी में मो. सोहैल अली, मीनाक्षी पटले और वेद प्रकाश कुमार क्रमशः प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय रहे। कर्मचारी श्रेणी में आयुषा वानखेडे, रविंद्र वानखडे और धनंजय भट्टाचार्य ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त किया।

रंगोली प्रतियोगिता की कर्मचारी श्रेणी में प्रगति मिरगे ने प्रथम तथा अतिथि अध्यापक डॉ. अंजना किशनपुरी ने द्वितीय पुरस्कार प्राप्त किया। विद्यार्थी श्रेणी में प्रिया माली, शिवानी लाटे और अनन्या अभिलिप्सा दास ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान हासिल किया।

पोस्टर निर्माण प्रतियोगिता में होंग हुओंग क्वीन्ह ने प्रथम, अनन्या अभिलिप्सा दास ने द्वितीय तथा बिशमा देवी ने तृतीय पुरस्कार प्राप्त किया। विजेताओं को कुलपति प्रो. कुमुद शर्मा एवं मुख्य अतिथि आनंद निर्बाण ने पुरस्कार एवं प्रमाण-पत्र प्रदान किए।

कार्यक्रम का स्वागत एवं प्रास्ताविक केंद्रीय संचार ब्यूरो, नागपुर के सहायक प्रचार अधिकारी शुभम गुड़धे ने किया। संचालन जनसंपर्क अधिकारी बी. एस. मिरगे ने तथा आभार प्रदर्शन कुलसचिव क़ादर नवाज़ ख़ान ने किया।

इस अवसर पर सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के गीत एवं नाटक प्रभाग के कलाकारों ने पोषण के महत्व पर आधारित प्रबोधनात्मक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। समारोह में विश्वविद्यालय के शिक्षक, अधिकारी, कर्मचारी, शोधार्थी एवं विद्यार्थी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

हिंदीचे संवर्धन करणे ही आपली सर्वांची जबाबदारी : आनंद निर्बाण

अनेक भाषांतील शब्दांच्या समावेशामुळे हिंदी अधिक सहज व संवादक्षम बनते

वर्धा, 16 सप्टेंबर 2026 : महात्मा गांधी आंतरराष्ट्रीय हिंदी विद्यापीठात केंद्रीय संचार ब्युरो, माहिती व प्रसारण मंत्रालय, भारत सरकार, नागपूर कार्यालय आणि विद्यापीठाच्या राजभाषा विभागाच्या संयुक्त विद्यमाने हिंदी दिन व पोषण महिनानिमित्त आयोजित विविध स्पर्धांच्या पारितोषिक वितरण समारंभात ज्येष्ठ संपादक आनंद निर्बाण म्हणाले की, "हिंदी ही आईसारखी आहे, जी प्रत्येक नात्याला जोडून ठेवते. हिंदीचे संवर्धन करणे ही आपली सर्वांची जबाबदारी आहे." हिंदीची सर्वात मोठी वैशिष्ट्यपूर्ण बाब म्हणजे तिचे सर्वसमावेशक स्वरूप. अनेक भारतीय भाषांतील शब्द हिंदीमध्ये सहजपणे सामावले गेले असून त्यामुळे तिची संवादक्षमता आणि व्यापकता अधिक वाढली आहे असेही ते म्हणाले.

मंगळवारी विद्यापीठाच्या गालिब सभागृहात आयोजित या समारंभाचे अध्यक्षस्थान विद्यापीठाच्या कुलगुरू प्रा. कुमुद शर्मा यांनी भूषविले. यावेळी कुलसचिव कादर नवाज खान, हिंदी अधिकारी राजेश यादव तसेच केंद्रीय संचार ब्युरो, नागपूरचे सहाय्यक प्रचार अधिकारी शुभम गुडधे उपस्थित होते.

मुख्य अतिथी आनंद निर्बाण यांनी हिंदी विद्यापीठाच्या स्थापनेमागे महाराष्ट्र आणि विशेषतः मराठी भाषिक समाजाचे योगदान अधोरेखित केले. १९७५ मध्ये नागपूर येथे आयोजित पहिल्या विश्व हिंदी संमेलनाने हिंदीला जागतिक व्यासपीठ उपलब्ध करून देण्यात महत्त्वपूर्ण भूमिका बजावली. हिंदीच्या विकासासाठी आणि तिला राजभाषा म्हणून प्रतिष्ठा मिळवून देण्यासाठी नागपूरचे योगदान ऐतिहासिक राहिले आहे. अनंत गोपाळ शेवडे यांच्यासह अनेक मराठी भाषिकांनी हिंदीसाठी उल्लेखनीय कार्य केले आहे.

भाषेत संस्कृती आणि विनम्रतेचा समावेश: प्रो. कुमुद शर्मा

अध्यक्षीय भाषणात कुलगुरू प्रो. कुमुद शर्मा म्हणाल्या की कोणतीही भाषा आपल्या सांस्कृतिक प्रतीकांमुळे जिवंत राहते. हिंदीमध्ये भारतीय संस्कृती आणि विनम्रतेची भावना अंतर्भूत आहे. नव्या पिढीला हिंदीची मूलभूत प्रवृत्ती आणि संवेदनशीलता जपत आपल्या काळाच्या आणि गरजांच्या अनुरूप भाषेचा विकास करण्याचे स्वातंत्र्य मिळाले पाहिजे. हिंदीच्या विकासामध्ये पत्रकारितेची भूमिका अधोरेखित करताना त्या म्हणाल्या की 'सरस्वती' मासिक हिंदीची पाठशाळा राहिली आहे. आज माध्यमांच्या साहाय्याने हिंदी आणि भारतीय भाषांमध्ये रोजगाराच्या नव्या संधी निर्माण झाल्या असून हिंदीची अनेक बहुआयामी रूपे समोर आली आहेत. भाषा ही काळानुसार विकसित होणारी जिवंत परंपरा असल्याचे सांगत त्यांनी युवा पिढीची भूमिका महत्त्वाची असल्याचे नमूद केले.

स्पर्धेतील विजेत्यांना पारितोषिके

समारंभात हिंदी दिवस व पोषण महिना अंतर्गत आयोजित विविध स्पर्धांतील विजेत्यांना पारितोषिके व प्रमाणपत्रे प्रदान करण्यात आली.

टंकलेखन स्पर्धेत अश्विनी राठोड यांनी प्रथम, राधा ठाकरे यांनी द्वितीय तर अमोल आडे आणि वैशाली कदम यांनी तृतीय क्रमांक मिळविला.

निबंध स्पर्धेच्या विद्यार्थी गटात मो. सोहैल अली, मीनाक्षी पटले आणि वेद प्रकाश कुमार यांनी अनुक्रमे प्रथम, द्वितीय व तृतीय क्रमांक मिळविला. कर्मचारी गटात आयुषा वानखेडे, रविंद्र वानखडे आणि धनंजय भट्टाचार्य यांनी अनुक्रमे प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पटकाविले.

रांगोळी स्पर्धेच्या कर्मचारी गटात प्रगती मिरगे यांनी प्रथम तर अतिथी अध्यापक डॉ. अंजना किशनपुरी यांनी द्वितीय पारितोषिक मिळविले. विद्यार्थी गटात प्रिया माली, शिवानी लाटे आणि अनन्या अभिलिप्सा दास यांनी अनुक्रमे प्रथम, द्वितीय व तृतीय क्रमांक मिळविला.

पोस्टर निर्मिती स्पर्धेत होंग हुओंग क्वीन्ह यांनी प्रथम, अनन्या अभिलिप्सा दास यांनी द्वितीय तर बिशमा देवी यांनी तृतीय पारितोषिक मिळविले. विजेत्यांना कुलगुरू प्रा. कुमुद शर्मा आणि मुख्य अतिथी आनंद निर्बाण यांच्या हस्ते पारितोषिके व प्रमाणपत्रे प्रदान करण्यात आली.

कार्यक्रमाचे स्वागत व प्रास्ताविक केंद्रीय संचार ब्युरो, नागपूरचे सहाय्यक प्रचार अधिकारी शुभम गुडधे यांनी केले. सूत्रसंचालन जनसंपर्क अधिकारी बी. एस. मिरगे यांनी केले, तर आभार प्रदर्शन कुलसचिव कादर नवाज खान यांनी केले. यावेळी माहिती व प्रसारण मंत्रालयाच्या गीत आणि नाट्य विभागातील कलाकारांनी पोषणाच्या महत्त्वावर आधारित जनजागृतीपर सांस्कृतिक कार्यक्रम सादर केला. समारंभात विद्यापीठाचे शिक्षक, अधिकारी, कर्मचारी, संशोधक आणि विद्यार्थी मोठ्या संख्येने उपस्थित होते.